## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने धोखे से दुकान हड़पने का लगाया आरोप

**यमुनानगर।** शहर के संतपुरा रोड निवासी गुरचरण सिंह ने अपने रिश्तेदारों पर उसकी दुकान धोखे से हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी भाई-बहन के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संतपुरा रोड निवासी गुरचरण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 1977 में नगर परिषद यमुनानगर ने रेलवे क्रॉसिंग के पास इंद्रा मार्किट की दुकान नंबर 22 उन्हें खुली बोली में अलॉट की थी। वह यहां खाद, फर्टिलाइजर और खेती से जुड़ा सामान बेचता था। वर्ष 2003 के बाद दिल की बीमारी और सर्जरी के कारण वह दुकान पर नियमित नहीं बैठ पाया। बीमारी के चलते उन्होंने अपने रिश्तेदार मनमोहन सिंह को सहयोग के लिए दुकान में शामिल किया। मनमोहन सिंह के पास पहले से ही पास की दुकानें नंबर 23, 24 और 25 अलॉट हैं। आरोप है कि मनमोहन सिंह ने मौका देखकर नगर निगम के कर्मचारियों से मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और दुकान अपने नाम करवा ली। बाद में यह दुकान अपनी बहन सुरेंद्र कौर के नाम ट्रांसफर कर दी।

### अवतार लेकर श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना की

**थानेसर।** शीलानगर स्थित सिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा में चौथे दिन कथाव्यास आचार्य पंडित राजेश वत्स ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म कथा, राजा दक्ष का वर्णन और नारद मुनि के चरित्र प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। चौथे दिन ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली और सुख-समृद्धि की कामना की। कथा में मुख्य यजमान चौधरी धर्मपाल तथा सुनीता देवी रहीं, उन्होंने विधिवत रूप से गीता पूजन किया। कथाव्यास आचार्य पंडित राजेश वत्स ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। मथुरा की कारागार में श्रीकृष्ण के जन्म और वासुदेव द्वारा उन्हें गोकुल पहुंचाने की कथा सुनते समय पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। राजा दक्ष के प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य राजेश वत्स ने अहंकार के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला।

---

**उपायुक्त ने जिलेवासियों को सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी की जानकारी दी**

# घने कोहरे में सावधानी से चलाएं वाहन व आमजन सावधानी बरतें: प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार ने आमजन सहित पशुओं को सर्दी व शीतलहर से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त प्रीति ने नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए एडवाइजरी की पूर्ण रूप से पालना करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि आमजन सावधानी बरतकर सर्दी से अपना व अपने पशुओं का बचाव कर सकते हैं। सर्दी से बचाव के लिए आमजन अपने पास पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा का प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश व बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाए रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें।

### पशुओं का भी रखें ध्यान

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि शीतलहर के दौरान पशुओं और पशुधन को जीवन यापन के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है। क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। रात के समय पशुओं के आवास को सभी तरफ से ढक दें। ताकि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके। शीत लहर के दौरान जानवरों को खुले क्षेत्र में न छोड़ें। जानवरों को ठंडा चारा और ठंडा पानी देने से बचें। पशु आश्रय में नमी और धुएं को नहीं रहने दें।

### सर्दी से बचाव को लेकर सिर पर टोपी या मफलर पहनें

उपायुक्त प्रीति ने जिलेवासियों को आहवान किया कि सिर पर टोपी या मफलर पहनें। स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं। इससे ठंड से लडनÞ के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। शराब का सेवन न करें। यह शरीर के तापमान को कम करता है। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें तथा रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। उन्होंने कहा कि शीत.घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी, समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें। ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीतलहर की संभावना है या नहीं। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है।

### सीमित गति में चलाएं वाहन

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दौरान विशेषकर सुबह और रात के समय कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को सीमित गति में अपनी निर्धारित लेन में रहकर और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए वाहन चलाना चाहिए। ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और नागरिक सुरक्षित यात्रा कर सकें।



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में सरकार द्वारा सर्दी से बचाव को लेकर जारी एडवाइजरी की जानकारी देतीं उपायुक्त प्रीति। *फोटो : हरिभूमि*

---

**सैंड आफ आर्ट से शहादत के हर लम्हें को अनोखे अंदाज में दिखाया**

# चार साहिबजादों की वीरता को देख भावविभोर हो उठे दर्शक





**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित सैंड ऑफ आर्ट शो में परदे पर अपनी आर्ट की प्रस्तुति देते हुए एनएसबी के कलाकार व शो देखते गणमान्य। *फोटो : हरिभूमि*

- *40 मिनट के सैंड आफ आर्ट शो में मुगलों के जुल्म और 4 साहिबजादों की बहादुरी को दिखाया*
- *हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा जगाधरी में सैंड आफ आर्ट शो का किया आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल जगाधरी में वीर बाल दिवस के उपलक्ष में सैंड आफ आर्ट शो का आयोजन किया गया। सैंड आफ आर्ट शो का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने मुख्यातिथि के रुप में दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सैंड आफ आर्ट के माध्यम से श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के शहादत के हर लम्हें को अनोखे अंदाज में दिखाया गया।

सैंड ऑफ आर्ट शो में एनएसबी के कलाकार ओम प्रकाश ने 10वीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के जन्म, खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगल शासकों, सरहिंद के सूबेदार वजीर खां द्वारा आक्रमण के बाद 20-21 दिसंबर 1704 को मुगल सेना से युद्ध करने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी ने परिवार सहित श्री आनंदपुर साहिब किले को छोड़ना व सरसा नदी पर गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार का बिछड़ने को दिखाया गया। इस 40 मिनट के शो में दिखाया गया कि गंगू ने लालच में आकर तुरंत वजीर खां को गोबिंद सिंह की माता और छोटे साहिबजादों के उसके यहां होने की खबर दे दी। जिसके बदले में वजीर खां ने उसे सोने की मोहरें भेंट की। खबर मिलते ही वजीर खां के सैनिक माता गुजरी और 7 वर्ष की आयु के साहिबजादा जोरावर सिंह और 5 वर्ष की आयु के साहिबजादा फतेह सिंह को गिरफ्तार करने गंगू के घर पहुंच गए। उन्हें लाकर ठंडे बुर्ज में रखा गया और उस ठिठुरती ठंड से बचने के लिए कपड़े का एक टुकड़ा तक नहीं दिया गया। रात भर ठंड में ठिठुरने के बाद सुबह होते ही दोनों साहिबजादों को वजीर खां के सामने पेश किया गया। जहां भरी सभा में उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने को कहा गया। सभा में पहुंचते ही बिना किसी हिचकिचाहट के दोनों साहिबजादों ने जोर से जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल का जय घोष किया। जिसे देख सब दंग रह गए। वजीर खां की मौजूदगी में कोई ऐसा करने की हिम्मत भी नहीं कर सकता था। लेकिन गुरु जी की नन्हीं जिंदगियां ऐसा करते समय एक पल के लिए भी नहीं डरीं के इतिहास को अपनी कला के माध्यम से युवा पीढ़ी के समक्ष रखा।

### साहिबजादे अपनाने निर्णय पर रहे अटल

शो में दिखाया गया कि वजीर खां ने दोनों साहिबजादों को काफी डराया, धमकाया और प्यार से भी इस्लाम कबूल करने के लिए राजी करना चाहा। लेकिन दोनों अपने निर्णय पर अटल थे। आखिर में दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवारों में चुनवाने का ऐलान किया गया। दोनों साहिबजादों को जब दीवार में चुनना आरंभ किया गया तब उन्होंने जपुजी साहिब का पाठ करना शुरू कर दिया। 27 दिसंबर सन 1704 को दोनों छोटे साहिबजादे और जोरावर सिंह व फतेह सिंह जी को दीवारों में चुनवा दिया गया। उधर, दूसरी ओर साहिबदाजों की शहीदी की खबर सुनकर माता गुजरी जी ने अकाल पुरख को इस शहादत के लिए शुक्रिया किया और अपने प्राण त्याग दिए।

### साहिबजादों ने किया चमकौर साहिब के युद्ध में किया अतुलनीय प्रदर्शन

सैंड ऑफ आर्ट शो में एनएसबी के कलाकारों ने चमकौर साहिब के युद्ध में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी साहिबजादे अजीत सिंह व जुझार सिंह की अतुलनीय वीरता के प्रदर्शन को प्रस्तुत किया। इस सैंड आफ आर्ट शो की सभी ने प्रशंसा की है। स्कूल के प्रांगण में दर्जनों बच्चों ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी व संस्कृत भाषा में निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।

---



**यमुनानगर।** गीता कालोनी में लोगों को आरआरआर का महत्व बताती निगम की टीम।

# आरआरआर सेंटरों पर दें अनुपयोगी वस्तुएं: प्रसाद

- नगर निगम की टीम ने गीता कॉलोनी में चलाया आरआरआर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत नगर निगम यमुनानगर की टीम ने शहर की गीता कॉलोनी में ट्रिपल आरआरआर अर्थात रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने लोगों को घरों में पड़ी अनुपयोगी वस्तुओं को आरआरआर सेंटरो पर दिए जाने की अपील की।

अभियान के दौरान आईसी एक्सपर्ट आकाश कुमार ने नगर निगम की टीम के साथ घर घर जाकर कॉलोनी वासियों को रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर आरआरआर सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। जहां नागरिक अपने घरों में पड़ी अनुपयोगी लेकिन उपयोग योग्य वस्तुएं जैसे पुराने कपड़े, किताबें, रद्दी, जूते व बर्तन आदि जमा कर सकते हैं। इन सेंटरों पर एकत्रित सामग्री जरूरतमंद लोगों के पुनः उपयोग में लाई जाती है। जिससे कचरे में कमी आती है और संसाधनों का संरक्षण होता है। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन सलाहकार लोकेश सेन ने बताया कि दैनिक जीवन में छोटे बदलाव अपनाकर कचरे की मात्रा को कम किया जा सकता है। गीले और सूखे कचरे को स्रोत स्तर पर अलग अलग करना तथा पुराने सामान का पुनः उपयोग करना रिसाइक्लिंग को बढ़ावा देता है। अभियान के दौरान नागरिकों ने भी स्वच्छता को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और नगर निगम के प्रयासों की सराहना की।

### शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में नागरिकों की भागीदारी जरूरी

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। अपने घरों में पड़ी अनुपयोगी वस्तुओं को कूड़े में फेंकने के बजाय नगर निगम द्वारा स्थापित आरआरआर सेंटरों में अवश्य दें। ताकि उनका पुनः उपयोग किया जा सके। छोटे छोटे प्रयास मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

---

# अनाधिकृत कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए करें कड़ी कार्रवाई: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला टास्क फोर्स कमेटी के सदस्यों की लघु सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। बैठक में जिला यमुनानगर में अनाधिकृत कॉलोनियों की बढ़ती समस्या को नियमित करने के उपायों बारे चर्चा की गई।

उपायुक्त प्रीति ने इन अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने बारे एवं उन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसमें अवैध कॉलोनियों में तोड़ फोड़ एवं प्रथम सूचना दर्ज करवाने बारे आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी तहसीलदारों को अवैध कॉलोनियों में पंजीकरण न करने के बारे में निर्देश दिए गए। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अधिनियम संख्या 8ए 1975 और अधिनियम 41ए 1963 के प्रावधानों को सक्षम बनाने की अनुपालना में यह भी निर्देश दिए गए।



यमुनानगर के जिला सचिवालय में आयोजित टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीएसपी कंवलजीत, जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार, तरुण सहोता आदि मौजूद रहे।

---

# युवाओं के लिए प्रत्येक ब्लॉक में लगेगा रोजगार मेला : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- रोजगार मेले में इंटरव्यू के बाद एक महीने की ट्रेनिंग होगी

इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया द्वारा रोजगार मुहैया करवाने के लिए हर जिले में रोजगार मेले का आयोजन करेगी। जिला उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हर ब्लॉक में इस रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुपरवाईजर से लेकर सिक्योरिटी गार्ड तक के पदों पर मल्टीनेशनल कंपनियों में भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार विभाग की सहायता से कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ब्लॉक वाईज जॉब फेयर लगाने का शेड्यूल बनाया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डा. अरुण कुमार ने बताया कि बीडीपीआ जगाधरी में 18 दिसंबर, बीडीपीओ व्यासपुर में 19 दिसंबर, बीडीपीओ रादौर में 22 दिसंबर को, बीडीपीओ सरस्वती नगर में 23 दिसंबर को, बीडीपीओ प्रतापनगर में 24 दिसंबर को, बीडीपीओ छछरौली में 26 दिसंबर को, बीडीपीओ साढौरा में 29 दिसंबर को जॉब फेयर लगाया जाएगा। रोजगार मेले में 18 से 40 साल तक की उम्र के 10वीं व 12वीं पास युवा भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में इंटरव्यू के बाद एक महीने की ट्रेनिंग होगी।

---

# पांच स्थानों से चुराया लाखों का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**पुलिस ने सभी मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज**

जिले में चोरों का आंतक जारी है। चोरों ने अलग-अलग पांच स्थानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की शांति कॉलोनी निवासी मनदीप ने बताया कि वह 29 नवंबर को रात साढ़े 10 बजे परिवार के साथ घर का ताला लगाकर बाहर गया था। जब वह 13 दिसंबर को वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 35 हजार रुपये कैश, दो सोने की बालियां, पायल, तांबे के बर्तन, बच्चों के स्कूल दस्तावेज, बीमा पॉलिसी तथा बैंक के दस्तावेज गायब मिले। उधर, गांव भंभौली निवासी दीपक ने बताया कि वह नौ दिसंबर को घर का ताला लगाकर बाहर गया था। 13 दिसंबर को जब वह वापस लौटा तो ताला टूटा हुआ था। घर से 20 हजार रुपये व दो तोले सोने की चेन गायब थी। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। वहीं, जैन मोहल्ला साढौरा निवासी विनोद कुमार ने बताया कि कस्बे में ही उसने दुकान की हुई है। 15 दिसंबर को दोपहर तीन बजे तीन-चार लड़कों ने दुकान में घुसकर सामान खरीदने के बहाने से गल्ले से पांच हजार चोरी कर लिए। उनके जाने के बाद गल्ले से पैसे गायब मिले। इसी प्रकार, शास्त्री कॉलोनी निवासी आरेमन गर्ग ने बताया कि वह 14 दिसंबर को शाम चार बजे डीएवी डैंटल कॉलेज के पास चाय पीने के लिए रूका। उसने अपना बैग साइड में रख दिया। उसके बैग में लैपटॉप, आईपेड व एक कैमरा था। चाय पीने के बाद जब वह चलने लगा तो उसका बैग गायब मिला। उधर, गोविंदपुरी निवासी जसविंद्र सिंह ने बताया कि उसका कन्हैया साहिब चौक के पास कार्यालय है। चोरों ने 14 दिसंबर की रात को कार्यालय का ताला तोड़कर इनवर्टर, बैंटरी व एसी का सामान चोरी कर लिया। जिसकी कीमत 33 हजार रुपये है।

---

**जागरूकता** | **पुलिस की सेफ सिटी टीम का जैन कन्या विद्यालय व राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कार्यक्रम**

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर यमुनानगर पुलिस मुस्तैद: नीलम

- प्राथमिक पाठशाला में छात्राओं के लिए महिला सुरक्षा, कानूनों और आपातकालीन सहायता से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**कार्यक्रम में सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने लिया भाग**

जिला पुलिस की सेफ टीम द्वारा जैन कन्या विद्यालय व राजकीय प्राथमिक पाठशाला में छात्राओं के लिए महिला सुरक्षा, कानूनों और आपातकालीन सहायता से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने छात्राओं को बताया कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस पूरी तरह सजग है। उन्होंने क्राइम अगेंस्ट वूमेनस के अंतर्गत आने वाले विभिन्न अपराधों जैसे छेड़छाड़, पीछा करना, ऑनलाइन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और यौन शोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही छात्राओं को यह भी समझाया गया कि ऐसे किसी भी अपराध की स्थिति में चुप न रहें और तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। एएसआई नीलम ने पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है और इसमें दोषियों के लिए कड़े दंड का प्रावधान है। एएसआई नीलम ने छात्राओं को समझाया कि किसी भी प्रकार का गलत स्पर्श, दबाव या डराने.धमकाने की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराना उनका अधिकार है।



**यमुनानगर।** साढ़ौरा में राजकीय प्राथमिक पाठशाला में छात्राओं को सुरक्षा को लेकर जागरुक करते मुख्य वक्ता।

### गुड टच व बैड टच के लिए किया जागरुक

मुख्य वक्ता एवं एएसआई नीलम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरुक किया। उन्होंने छात्राओं को सरल भाषा और उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कौनसा स्पर्श सुरक्षित है और कौनसा असुरक्षित है। उन्हें यह भी सिखाया गया कि यदि कोई उन्हें असहज महसूस कराए तो बिना झिझक विरोध करना चाहिए और तुरंत मदद लेनी चाहिए। मौके पर छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप की जानकारी दी गई। एएसआई नीलम ने बताया कि यह एप महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा साधन है। जिसके माध्यम से आपात स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचना दी जा सकती है। एप में लोकेशन शेयर करने की सुविधा भी है। जिससे पुलिस सहायता समय पर पहुंच सके। वहीं, डायल 112 के बारे में बताया गया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में यह नंबर तुरंत डायल करें। जिला पुलिस हर कॉल को गंभीरता से लेती है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करती है।

---

# बाल विवाह मुक्त भारत है एक राष्ट्रीय अभियान: आहूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला सचिवालय में विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं और स्कीमों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। मौके पर विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा भी मौजूद रही। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने सभी लाभार्थियों को समय से लाभ देने एवं सभी जनकल्याणकारी योजना एवं स्कीमों का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

नवीन आहूजा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की महिलाओं एवं बच्चों के पोषण संरक्षण स्वास्थ्य को लेकर अहम भूमिका रहती है। बैठक के दौरान प्ले स्कूल पंजीकरण कार्य की गति देने के निर्देश दिए गए।

### सूचना

हम, महिन्द्र सिंह पुत्र श्री धर्म सिंह वा मेरी धर्मपत्नी ममतेश देवी निवासी गांव डमौली, तहसील छछरौली, जिला यमुनानगर बयान करते हैं कि हमारा लड़का साहिल कुमार वा उसकी पत्नी पिंकी रानी हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हम अपने लड़के साहिल कुमार वा उसकी पत्नी पिंकी रानी को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। आज के बाद इन दोनों से कोई भी किसी प्रकार का लेनदेन करने वाला अथवा व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी और हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# तापमान में गिरावट के साथ बढ़ने लगा बीमारियों का खतरा, बरतें सावधानी

- बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार से लेकर वायरल इंफेक्शन तक का कारण बन सकती है

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा

सर्दियों का कड़ाके का मौसम धीरे-धीरे दस्तक देने लगा है और तापमान में लगातार गिरावट के साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। बदलते मौसम में जरा-सी लापरवाही सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार से लेकर वायरल इंफेक्शन तक का कारण बन सकती है। इस मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर पडनें लगती है।

## बच्चों की बीमारियों को नजरअंदाज न करें अभिभावकः डा. वडैच

समाजसेवी व होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अवनीत सिंह वडैच ने बताया कि इस मौसम में बच्चों में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है। अत्याधिक ठंड के चलते बच्चों में खांसी, जुकाम, निमोनिया तथा स्किन के प्रभावित होने की शिकायतें बढ़ जाती है। शुरूआती ठंड को अक्सर अभिभावक नजरअंदाज कर देते हैं जबकि ऐसे समय में सावधानी बरतना लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। डा. वडैच ने बताया कि वैसे तो सर्दी का मौसम हेल्दी सीजन होता है लेकिन बच्चों को ठंड से बचाने के लिए एहतियात बरतनी जरूरी है। बच्चों को कमरे में हीटर आदि से दूर रखें कोशिश करें की गर्म कपड़ों से ही ठंड से बच्चों का बचाव करें। बच्चों को गुनगुना तरल पदार्थ ही पिलाएं। छोटे बच्चों को मां का दूध ज्यादा पिलाएं। खाने पीने की चीजों में साफ सफाई का ध्यान रखें। बाजार की चीजों व अधिक मीठे का सेवन ना करें।



## हृदय के मरीज सर्दी से रहे दूर, फैट वाली चीजों से परहेज करे : डॉ.अंशुल

छाती रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुल मंगला का कहना है कि सर्दियों अक्सर बुजुर्ग लोगों को ब्लड प्रेशर, सांस फूलने सहित जोड़ों में दर्द व अन्य कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सर्दियों संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है वही ठंड के मौसम में बुजुगों की हड्डियों और जोड़ों में होने वाला दर्द भी सताने लगता है। डा. अंशुल मंगला ने बताया कि सर्दियों में रक्त वाहनियां सिकुड़ जाती हैं इसका असर हृदय को खून पहुंचाने वाली धमनी पर भी पड़ता है। इसलिए हृदय रोगियों को हार्ट अटैक आदि से बचने के लिए ज्यादा ठंडे माहौल में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने ऐसे मरीजों को फैट वाली चीजें से परहेज करने और शराब व किसी भी तरह के नशे आदि से दूर रहने की सलाह दी है।



## सर्दी में आंखों पर भी बढ़ने लगता है खतरा, चश्में का प्रयोग करें : डा. विक्रम

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम ठाकुर ने बताया कि सर्दियों का मौसम जहां कई बीमारियों को बढ़ावा देता है, वहीं इस मौसम में आंखों के लिए भी सावधानी बरतना अत्यंत जरूरी है। ठंडी हवा, नमी में कमी और धूल-मिट्टी आंखों पर सीधा प्रभाव डालती हैं। लोग अक्सर सर्दी में आंखों की बीमारी को नजरअंदाज कर देते हैं। उन्होंने बताया कि सर्दियों में हवा शुष्क हो जाती है, जिससे आंखों में नमी की कमी होने लगती है। यह स्थिति ड्राई आई सिंड्रोम को बढ़ावा देती है,जिससे कई लोगों को जलन,लालीपन, पानी आना और खुजली जैसी दिक्कत होने लगती है। नेत्र रोग विशेषज्ञ का कहना है कि सर्दी में आंखों को ठंडी हवा से बचाने व घर से बाहर निकलते समय आंखों पर चश्मे का उपयोग करें। आंखों को दिन में कई बार साफ पानी से आंखें धोएं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लें। मोबाइल और लैपटॉप का उपयोग केवल जरूरी कार्य के लिए ही करें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं तथा हरी सब्जियों से भरपूर भोजन लें।



## मरीज लोग अधिक समय तक घर से बाहर न रहेः डॉ.चुघ

नगर के जाने माने चिकित्सक डॉ. सुदर्शन चुघ ने बताया कि आजकल मौसम में ठंडक बढ़ने के साथ ही बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। किसी भी बीमारी से ग्रसित मरीजों की सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है।इस मौसम में लोग संक्रमण की चपेट में आसानी से आ जाते हैं लेकिन वह लोग जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले से ही कमजोर है या जो किसी बीमारी के शिकार है। उन्हें सर्दियों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। डा. चुघ ने बताया कि कई बीमारियों में ठंड के दिनों में हाथ पैर सुन्न होने की समस्या परेशान करने लगती है। मरीज ज्यादा देर तक घरों से बाहर ना निकले। प्रदूषित हवा उन्हें प्रभावित कर सकती है। अपने खानपान का पूरा ख्याल रखें। ताजे फल और पत्तेदार सब्जियों का ही प्रयोग करें।



## खबर संक्षेप

### यूआईईटी में इन्फोसिस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) द्वारा इन्फोसिस चंडीगढ़ का प्लेसमेंट कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया, जिसके उपरांत उद्योग-शिक्षा संवाद सत्र (इंडस्ट्री-एकेडेमिया इंटरेक्शन सेशन) का आयोजन हुआ। संवाद सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत उच्च शिक्षा का फोकस केवल ज्ञानार्जन से आगे बढ़कर कौशल-आधारित शिक्षा, रोजगार योग्यता तथा स्वरोजगार पर केंद्रित हो गया है।

### प्रस्तावित वाहन आयु नीति अधिकारों के प्रतिकूल

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य, एडवोकेट अंकित गुप्ता द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में पेट्रोल एवं डीजल वाहनों की आयु को लेकर जारी ड्राफ्ट नीति की के संबंध में प्रधान सचिव हरियाणा सरकार को विस्तृत सुझाव एवं आपत्तियाँ प्रेषित की गई हैं, इस ड्राफ्ट नीति के अंतर्गत 10 वर्ष पुराने डीजल एवं 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों को प्रतिबंधित अथवा स्क्रैप करने का प्रस्ताव रखा गया है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि वाहनों की वास्तविक स्थिति, फिटनेस और प्रदूषण स्तर के आधार पर ही निर्णय लिया जाना चाहिए।

### डीएलएसए ने जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा ड्रग्स फ्री हरियाणा मिशन एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिले में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इन शिविरों के तहत पैनल अधिवक्ता रविंदर कुमार, पैनल अधिवक्ता हरपाल सिंह, पैनल अधिवक्ता श्रीनिवास, पैनल अधिवक्ता अंकित कुमार, एमडीडी एनजीओ तथा सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के सदस्यों जागरूकता शिविर लगाया।

### महिला बॉक्सिंग के 34 रोमांचक प्री-क्वार्टर मुकाबले सम्पन्न

# सांसद खेल महोत्सव में महिला मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित लोकसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सोमवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में महिला बॉक्सिंग वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। दिनभर चले इन मुकाबलों में कुल 34 रोमांचक फाइट्स हुई, जिनमें महिला खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, साहस और अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग रिंग में खिलाड़ियों के जज्बे ने दर्शकों को खासा रोमांचित किया। आज हुए मुकाबलों में विभिन्न वर्गों में कई खिलाड़ियों ने शानदार जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। 40 से 48 किलोग्राम वर्ग में अंशुल, निकिता, खुशी और अंतिम ने अपने-अपने मुकाबले जीते। 48 से 51 किलोग्राम वर्ग में रितिका, मानसी, ध्रुविका, मासूम और नैंसी विजयी रही। 51 से 54 किलोग्राम वर्ग में शिवानी, रजनी, नैंसी, रितु और पायल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इसी प्रकार 54 से 57 किलोग्राम वर्ग में निकिता, पायल, जन्नत और खुशी, 57 से 60 किलोग्राम वर्ग में समीक्षा, काजल और पुनीता ने अगले चरण में अपनी जगह बनाई। इसके अलावा 60 से 65 किलोग्राम वर्ग में जिया, महक और सलोनी, 65 से 70 किलोग्राम वर्ग में संजना और सोनम, 70 से 75 किलोग्राम वर्ग में स्नेहा और अंजू, 75 से 80 किलोग्राम वर्ग में सुहाना, मुस्कान और हैप्पी तथा 80 प्लस किलोग्राम वर्ग में शिवानी, मानवी और अनुष्का ने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने भी पूरे दिन अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मेडिकल टीम ने मौके पर रहकर खिलाड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण, प्राथमिक उपचार और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया, जिससे प्रतियोगिताएं सुचारू रूप से संचालित रहीं।

**» द्रोणाचार्य स्टेडियम में प्रतियोगिताओं का आयोजन, विभिन्न वर्गों में कई खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया**

### युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना उद्देश्य

इस अवसर पर जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण की लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिताएं आने वाले दिनों में और अधिक रोमांचक होने वाली हैं। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर से द्रोणाचार्य स्टेडियम में महिला वर्ग की खो-खो, बॉडी बिल्डिंग, रस्सीकूद, रस्साकशी, रेसलिंग के 68, 72 और 76 किलोग्राम भारवर्ग तथा जूडो के 70, 78 और 78 प्लस किलोग्राम भारवर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। धर्मवीर सिंह ने आगे बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीरंदाजी, वॉलीबॉल और कबड्डी की प्रतियोगिताएं शुरू होंगी, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल में क्रिकेट मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करना और खेल संस्कृति को मजबूत करना है।



कुरुक्षेत्र। पूर्व विधायक साहब सिंह सैनी के निधन पर शोक जताते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी | फोटो : हरिभूमि

## मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक साहब सिंह सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व विधायक साहब सिंह सैनी के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को सेक्टर 13 में स्वर्गीय साहब सिंह सैनी के निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान इस दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वर्गीय साहब सिंह सैनी के पुत्र एडवोकेट विनोद सैनी के साथ- साथ परिवार के अन्य सदस्यों एडवोकेट तुषार सैनी, डा. एसआर सैनी, राजेश सैनी, वीणा सैनी, पूनम सैनी, अंकित सैनी, कनिका सैनी, नरेन्द्र सैनी, सुशील सैनी, बृज मोहन सैनी, पूर्व सरपंच शेर सिंह सैनी, मास्टर सुरेश सैनी के साथ दुख सांझा किया। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, सैनी समाज के अध्यक्ष गुरनाम सैनी, कॉप्रोटिव बैंक के चेयरमैन सुभाष सैनी, मार्किट कमेटी थानेसर के चेयरमैन सुरेश सैनी, डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह, भाजपा नेता प्रदीप झांब ने भी पूर्व विधायक साहब सिंह सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## गुलशन ग्रोवर वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी घोषित, किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रेलवे स्टेशन के नजदीक स्तिथ एक निजी होटल में संगीतमयी कार्यक्रम गाड़ी बुला रही है,सीटी बजा रही है/" आयोजित किया गया। प्रचार-प्रसार प्रमुख श्याम जुनेजा ने बताया कि मनोरंजक ट्रेन ग्रुप गुदगुदी सुपरफास्ट के छठे और गुदगुदी टाइमपास के पांचवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संरक्षक जितेंद्र बंसल की सरपरस्ती और संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अम्बाला से वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम,शाहाबाद मारकण्डा के प्रभारी कुलवंत शर्मा, सचिव सुनील अंगीरस, ललित चावला और गगनदीप ढींगरा आशु ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सरस्वती वंदना से विधिवत शुरू हुए इस कार्यक्रम में /"गाता रहे मेरा दिल/" के 11 गायकों ने हिंदी फिल्मों में ट्रेन पर फिल्माए गए ट्रेन सॉन्ग की शानदार प्रस्तुति दी। मंच का संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख बलजीत चावला ने किया। गीतों के शुभारंभ से पूर्व नन्हें गायक जय आनंद ने गायत्री मंत्र का गायन किया। कार्यक्रम में गुलशन ग्रोवर को वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी घोषित करते हुए स्मृति चिन्ह,प्रमाण पत्र और दौशाला प्रदान किया गया। सभी गायकों सहित नव आगंतुकों को भी उपहार दिए गए। गीतों के पश्चात बालिकाओं से केक कटवाकर सभी सदस्यों को



## खंड स्तरीय मिशन बुनियाद एवं हरियाणा सुपर 100 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग हरियाणा तथा विकल्प संस्थान के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2026 से 2028 के लिए खंड स्तरीय मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय मॉडलसंस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विनोद कौशिक ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विकल्प संस्थान से राजन गुंडल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विनोद कौशिक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद हरियाणा सरकार की महत्त्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के समान ही अवसर प्रदान करना है ताकि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी नीट, आईआईटी तथा देश के अन्य उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाओं में दाखिला ले सकें। उन्होंने सभी विद्यालय मुखियाओं को मिशन बुनियाद के अंतर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पंजीकरण करने का आह्वान किया। विद्यालय प्राचार्य सुनील कपूर ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान कर रहा है तथा विद्यार्थी कक्षा नवमी से ही नीट, मेडिकल तथा एनडीए जैसे उत्कृष्ट संस्थानों में दाखिला ले सकते हैं।

## नशा मुक्ति केंद्रों की सुविधाओं के आधार पर होगी अब स्टॉर रेटिंग : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जिले के 13 नशा मुक्ति केन्द्रों की स्टार रेटिंग करने के निर्देश

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के नशा मुक्ति केन्द्र के अब सुविधाओं के आधार पर स्टार रेटिंग होगी। इस जिले के 13 नशा मुक्ति केन्द्रों की स्टार रेटिंग करने के निर्देश दिए गए है। इसके लिए कमेटी नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करेगी और पूरी पारदर्शिता के आधार पर रेटिंग के अनुसार सूची तैयार करेगी। इतना ही नहीं इस स्टॉर रेटिंग सूची को सरकार के पोर्टल एचडीएएमएस पर अपलोड भी करेगी ताकि लोग नशा मुक्ति केन्द्रों की रेटिंग के अनुसार रेटिंग का पता लगा सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में नशे की रोकथाम को लेकर गठित की गई जिला स्तरीय कमेटी की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने डीएसपी सुनील कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से कुरुक्षेत्र जिले में नशे के विरुद्ध रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों, कुरुक्षेत्र के नशा मुक्ति केन्द्रों की सुविधा अनुसार स्टॉर रेटिंग, लोगों में नशे का सेवन ना करने के प्रति जागरूकता लाने के विषयों को लेकर फीडबैक ली है। इस मौके पर डीएसपी सुनील कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर, डिप्टी सिविल सर्जन, जिला ड्रग अधिकारी, शिक्षक डा.तरेसम कौशिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त

## नए साल का आरम्भ रोहिणी नक्षत्र और त्रिपुष्कर योग में, मिलेगा शुभ फल

**कुरुक्षेत्र।** 2026 का नया साल एक खास ज्योतिषीय घटना के साथ शुरू होगा। साल के पहले ही दिन धनु राशि में सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र एक साथ आएंगे। अभी मंगल पहले से ही धनु राशि में है। 16 दिसंबर को सूर्य, 20 दिसंबर को शुक्र और 29 दिसंबर को बुध भी इसमें शामिल हो जाएंगे। सूर्य-बुध के साथ बुधादित्य योग, सूर्य-मंगल के साथ मंगलादित्य योग और सूर्य-शुक्र के साथ शुक्रादित्य योग बनेगा। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार, नववर्ष 2026 का आरंभ कई बड़े शुभ योगों और संयोगों के द्वारा होने जा रहा है. पंचांग के अनुसार, रवि योग, सर्वार्थसिद्धि योग, त्रिपुष्कर योग और रवि पुष्य योग, ये सभी योग बन रहे हैं. वहीं, ग्रहों की दृष्टि से भी नया साल बहुत ही खास रहने वाला है क्योंकि इस साल में देवगुरु बृहस्पति, राहु और केतु ये सभी बड़े ग्रह गोचर करेंगे. इसके अलावा, शनि मीन राशि में वक्री और मार्गी भी होंगे।



पंडित रामराज कौशिक।

## लघु सचिवालय और बिजली विभाग में करवाया योग ब्रेक प्रशिक्षण : मंजू

- स्कूलों व कार्यालयों में 130 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया योग ब्रेक में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ मंजू शर्मा ने कहा कि हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में मंगलवार को लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र में जिला सोशल वेलफेयर विभाग एवं जिला रोजगार विभाग और उत्तर हरियाणा बिजली निगम कुरुक्षेत्र योग ब्रेक का आयोजन करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू शर्मा ने कहा कि विभिन्न विभागों में योग ब्रेक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह एवं योग विशेषज्ञ मनजीत सिंह के सहयोग से आयुष विभाग के योग सहायकों रोहतास कुमार, डिंपल द्वारा जिला सोशल वेलफेयर ऑफिस में 18 प्रतिभागियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया, जिला रोजगार कार्यालय में 10 प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षण दिया गया, उत्तर हरियाणा बिजली निगम में 35 प्रतिभागियों को योग का प्रोटोकॉल करवाया गया, हरदीप सिंह दोबारा पीएम श्रीगवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल उमरी 45 प्रतिभागियों को, प्रदीप कुमार द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मथाना 20 प्रतिभागियों, रामनिवास शिक्षा विभाग नानपुर प्राइमरी स्कूल 02 प्रतिभागियों को योग सहायकों द्वारा कर्मचारी को वाइ (योग) ब्रेक का अभ्यास करवाया गया।



कुरुक्षेत्र। योग करते विभागीय कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**चर्चा** भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश स्तरीय बैठक में बनाई आगामी आंदोलन की रणनीति

## किसानों व आमजन से संबंधित मुद्दों को लेकर प्रदेश में किए जाएंगे प्रदर्शन : चढूनी

धान, शिक्षा, इलाज घोटाले व फसल मुआवजे को लेकर सड़कों पर उतरेगा संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय किसान यूनियन चढूनी की हरियाणा राज्य की संगठनात्मक बैठक जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्टीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने की। बैठक में प्रदेश भर के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरनाम सिंह चढूनी ने बताया कि बैठक में किसानों व आमजन से संबंधित मुद्दों पर बातचीत की गई। इन मुद्दों को लेकर प्रदेश के हर जिले में प्रदर्शन करने व पुतले फूंकने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पीजीआई कर्मचारियों के धरने को समर्थन देने का निर्णय भी लिया गया है। मुद्दों में धान घोटाला, इलाज के दौरान घोटाला, शिक्षा घोटाला शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है उसमें कई तरह की गड़बड़यि है। फसल क्लेम का मुआवजा, धान खराबे का मुआवजा सहित अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। आलू का भावांतर भी नही शुरू किया गया है। इन मुद्दों को लेकर हर जिला में प्रदर्शन किया जाएगा और कृषि मंत्री व खाद्य आपूर्ति मंत्री के जगह-जगह पर पुतले जलाए जाएंगे।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी व अन्य।

### पिपली अनाज मंडी में रैली का भी होगा आयोजन

ये प्रदर्शन जनवरी व फरवरी माह में चलेगा। गांव दर तक गांव तक कमेटियां बनाई जाएगी। इसके बाद मार्च माह में पिपली अनाज मंडी में एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में आगामी रणनीति बनाई जाएगी। विधानसभा सत्र शुरु होने पर गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि सरकार जो बजट इस बार लाएगी उसमें सिंचाई पर सबसे अधिक बजट दिया जाए। इस बार भारी बाढ़ आई है वो इसलिए आई है नदियों के किनारे वो कच्चे हो गए है। अतः नदियों के किनारों को पक्का किया जाए, नदियों को गहरा किया जाए, बांध ऊंचे बनाए जाए। बरसाती पानी को सिंचाई के लिए दे जिससे खेती भी बढ़यि होगी। इसके लिए सिंचाई पर अधिक बजट दिया जाना चाहिए। विपक्षी पार्टी धान के घोटाले को विधानसभा में उठाए। इस अवसर पर प्रवक्ता राकेश बैंस, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष्ज्ञ कर्म सिंह मथाना, कृष्ण कलाल माजरा सहित कई किसान मौजूद रहे।

